तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 शहर में बिना वैध अनुमति के चल रहे खटाल इधर गोकुल...



14 प्रधानमंत्री मोदी ने किया पीएम धन-धान्य योजना व...



## खबर संक्षेप



### अंबालिका को मिला छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025

**बेमेतरा।** बेरला विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर की प्रधान पाठक अंबालिका पटेल को उनके उत्कृष्ट शिक्षण कौशल और शैक्षिक नेतृत्व के लिए छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें स्व. कामरेड नरेंद्र सिंह की स्मृति में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी, जो कि छत्तीसगढ़ शासन से पंजीकृत संस्था है, द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।
यह सम्मान समारोह शनिवार को रायपुर के विमतारा, इंद्रावती कॉलोनी, शांति नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, रायपुर महापौर मीनल चौबे, प्रांताध्यक्ष निधि चंद्राकर (उड़ान छत्तीसगढ़) तथा राष्ट्रीय सचिव महिला जागृति मंच, नई दिल्ली उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अंबालिका पटेल को सम्मान पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विद्यालय संचालन में उत्कृष्टता, विद्यार्थियों की प्रतिभा संवर्धन, नवाचारपूर्ण शिक्षण, अनुशासन और सामुदायिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया गया। अंबालिका पटेल को सम्मान मिलने की खबर से शिक्षा विभाग, ग्रामवासी, अभिभावक और सहकर्मी शिक्षकों में हर्ष की लहर है। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल अपने विद्यालय का, बल्कि पूरे बेमेतरा जिले का नाम रोशन किया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद अंबालिका पटेल ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए जिम्मेदारी को और अधिक समर्पण के साथ निभाने की प्रेरणा देता है। मैं संस्था की आभारी हूं और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता तथा सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य करती रहूंगी।

### गुनर बोड़ में स्वच्छता अभियान से बढ़ी ग्रामीण जागरूकता



**बेमेतरा।** जल, जंगल और जमीन के संरक्षण तथा स्वच्छता के क्षेत्र में 2001 से कार्यरत संस्था सहयोग ने बेमेतरा से पांच किलोमीटर दूर ग्राम गुनर बोड़ में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। ग्राम गुनर बोड़ के पंच और ग्रामीणों के आग्रह पर सहयोग संस्था के सदस्य पंचायत सचिव राजकुमार के नेतृत्व में ग्राम के तालाब की सफाई का बीड़ा उठाया। अभियान के पहले पांच ग्रामीण स्वच्छता में जुटे थे, लेकिन अब ग्रामीणों की संख्या बढ़कर दस से पंद्रह हो गई है।
दो रविवारों में तालाब के एक हिस्से को पूरी तरह से स्वच्छ किया गया और ग्रामीणों को इस बात के प्रति जागरूक किया गया कि तालाब में गंदगी डालना, नालियों में कचरा डालना और खुले में शौच करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पंचायत ने जगह-जगह बोर्ड भी लगवाए हैं, जिनमें साफ-साफ लिखा गया है कि गंदगी और खुले में शौच करने पर जुर्माना लगेगा। सहयोग संस्था ने आगे समय-समय पर गुनर बोड़ में स्वच्छता अभियान चलाने और तालाब के आसपास पौधरोपण करने की योजना भी बनाई। इस अभियान में सहयोग संस्था के सदस्य और ग्राम गुनर बोड़, चोरभट्ठी के पंच और सरपंच रेखा ओमप्रकाश पात्रे, मीनाराम साहू, हरिराम घृतलहरे, मोहित राम वर्मा, कमलेश वर्मा, किरण भूषण बंजारे, परदेशिराम सोनवानी, खम्हण दास गंधर्व, त्रिलोचन साहू, उत्तम दास मानिकपुरी, पुष्पेंद्र सागरवंसी, धनुष राम सागरवंशी और ग्राम सचिव राजकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और स्वच्छता में सहयोग किया।

# धनेश व लेखा रजक हुए छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी, विकासखण्ड साजा के प्रधान पाठक धनेश रजक और सहायक शिक्षिका लेखा रजक को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। धनेश रजक न केवल उत्कृष्ट शिक्षक हैं, बल्कि नृत्य, गायन, वादन, मंच संचालन और कबड्डी खेल में भी दक्ष हैं। वे बच्चों को कविता गीत रूप में पढ़ाकर कंठस्थ कराते हैं और उन्हें तबला व हारमोनियम सिखाने का प्रयास करते हैं। बच्चों को छत्तीसगढ़ के तीज-त्योहारों की जानकारी देते हैं और विद्यालय में स्वयं के खर्च से पेड़ लगाकर खेलने के लिए स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया है। सहायक शिक्षिका लेखा रजक बच्चों के लिए प्रिय हैं और गणित को खेल-खेल में पढ़ाने के लिए जानी जाती हैं। दोनों शिक्षक समाज, अभिभावक और बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय को आकर्षक और गुणात्मक बनाते हैं।14 अगस्त 2025 को उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने जिला स्तर पर नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। सम्मान समारोह में जनप्रतिनिधि, शिक्षा अधिकारी और कई शिक्षक उपस्थित थे। सम्मान प्राप्त होने पर प्रधान पाठक धनेश रजक व सहायक शिक्षक लेखा रजक को सरपंच ग्राम पंचायत खपरी धोबी गिरधारी निर्मलकर, सरपंच ग्राम पंचायत नवागांव गहिरा पुष्पांजलि यदु डाईट प्राचार्य ▶▶|शेष पेज 12 पर

**विद्यालय में स्वयं के खर्च से पौधा लगाकर कराया स्वस्थ वातावरण उपलब्ध**





**समस्या :** नांदघाट-नारायणपुर एनएच 130 बना मौत का रूट, हाईकोर्ट की फटकार बेअसर

# सतही पैचवर्क से आक्रोश, यात्री बोले रात में जानलेवा साबित होते हैं गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नांदघाट

प्रदेश की राजधानी रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर को जोड़ने वाला व्यस्ततम नेशनल हाईवे-130 (एनएच-130) का नांदघाट से नारायणपुर तक का लगभग 13 किलोमीटर लंबा खंड इन दिनों यात्रियों के लिए किसी चुनौतीपूर्ण रूट से कम नहीं रह गया है। सड़क पर सैकड़ों गहरे गड्ढे और दरारें हैं, जिसने खासकर बरसात के मौसम में इसे बेहद खतरनाक बना दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही और खराब रखरखाव ने सड़क की स्थिति को संवेदनशील बना दिया है।

सड़क की इस दुर्दशा को लेकर बीते दिनों बिलासपुर हाईकोर्ट ने जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने सड़क पर नियमित रखरखाव और गड्ढों की तत्काल मरम्मत की आवश्यकता पर जोर दिया था। बावजूद इसके, विभागीय अधिकारियों की उदासीनता और मनमानी से किए जा रहे सतही पैचवर्क की वजह से सड़क की वास्तविक समस्या जस की तस बनी हुई है। यात्रियों का कहना है कि यह मार्ग अब किसी साहसिक कार्य से कम नहीं रहा।





**पैचवर्क केवल लीपापोती**

स्थानीय लोग बताते हैं कि राजधानी रायपुर के कार्यालयों में बैठे रहने वाले अधिकारी सड़क की स्थिति को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिसका परिणाम गड्ढों की लगातार बढ़ती संख्या और सड़क दुर्घटनाओं की दर में वृद्धि है। मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए विशेषज्ञों ने कहा कि गड्ढों को भरने के बजाय केवल चुनिंदा हिस्सों में किया जा रहा पैचवर्क सिर्फ "लीपापोती" है, जिससे सड़क की मूल समस्या हल नहीं हो रही। राहगीरों और आम लोगों ने प्रशासन की उदासीनता और सड़क की दुर्दशा पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या आम नागरिकों की जान की सुरक्षा केवल सतही पैचवर्क से हो जाएगी? स्थानीय जनता की मांग है कि विभाग जल्द से जल्द सड़क की पूर्ण मरम्मत और सुरक्षा उपायों पर ध्यान दे, अन्यथा आने वाले समय में सड़क हादसों और जन असंतोष का ग्राफ और ऊंचा हो सकता है। फिलहाल, नेशनल हाइवे-130 यात्रियों और मुसाफिरों के धैर्य की परीक्षा बन चुका है।

# झाल में जुआ खेलते 14 लोग गिरफ्तार, 4,870 रुपए जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीपावली का पर्व नजदीक आते ही जहाँ घरों में खुशियों का माहौल बनने लगता है, वहीं कुछ लोग इसे अवैध जुआ खेलने का अवसर मानकर पैसों के बड़े दांव लगा रहे हैं। ऐसे अवैध गतिविधियों पर नकेल कसते हुए बेमेतरा पुलिस ने लगातार कार्रवाई तेज कर दी है। शनिवार को थाना नवागढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम झाल में कुछ लोग खुले में ताश की पत्तियों से 'काट-पत्ती' नामक जुआ खेल रहे हैं और भारी मात्रा में पैसों का दांव लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही नवागढ़ पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिस की रेड के दौरान कुछ जुआरी भागने में सफल रहे, लेकिन 14 जुआड़ी रंगे हाथ पकड़े गए। गिरफ्तार जुआड़ियों के पास से 4,870 रुपये नगद और 52 पत्ती ताश जब्त किए गए।

**गिरफ्तार जुआड़ी-** पकड़े गए जुआड़ियों में दिलीप साहू (30), दिनेश विश्वकर्मा (34), राजू साहू (25), संजय साहू (27), बिंदाराम साहू (52), रज्जू साहू (35), संतोष चौहान (32), विश्वराज बघेल (26), येहूराम साहू (64), फागुराम साहू (45), तुलसी राम साहू (49), जितेन्द्र दास घृतलहरे (52), त्रिलोचन साहू (32), और जितेन्द्र साहू (30) शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए सभी जुआड़ियों के खिलाफ धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी को भी कानून से ऊपर होने की छूट नहीं है और अवैध जुए तथा सट्टे पर नकेल कसने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। इस कार्रवाई में थाना नवागढ़ के उप निरीक्षक अलील चंद, प्रधान आरक्षक अशोक तिर्की, आरक्षक राजेन्द्र साहू, राहुल दुबे, रविकांत चंद्रवंशी, ओंकार निर्मलकर, विजय घृतलहरे और राज आडिल सहित पूरी टीम ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस लगातार ग्रामीण इलाकों में छापेमारी कर रही है और दीपावली के त्योहार में ऐसी अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए सक्रिय है।

# द वॉरक्राई मार्शल आर्ट्स अकादमी में विशेष किक बॉक्सिंग प्रशिक्षण सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता अमन ने खिलाड़ियों को दिए विशेष टिप्स

द वॉरक्राई मार्शल आर्ट्स एंड सेल्फ-डिफेंस अकादमी, बेमेतरा में रविवार को विशेष मार्शल आर्ट्स एवं किकबॉक्सिंग प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक सेंसई भानुप्रताप साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता एवं राष्ट्रीय कोच अमन सोनी तथा उनकी विशेषज्ञ टीम ने खिलाड़ियों को किकबॉक्सिंग की विभिन्न तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। सत्र में खिलाड़ियों को उन्नत कौशल विकास, शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक दृढ़ता, प्रतियोगिता की तैयारी और विशेषज्ञ मार्गदर्शन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को सटीकता, गति, प्रतिक्रिया समय और सहनशक्ति बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय सिखाए गए। विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित अभ्यास से आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तैयारी कर ▶▶|शेष पेज 12 पर



# कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में प्री-दीपावली सेलिब्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को 'प्री-दीपावली सेलिब्रेशन' का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर पूरे परिसर को दीपों, फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से निखारा गया। छात्राओं ने अपनी-अपनी कक्षाओं को सुंदर रंगोलियों, पुष्पमालाओं और सजावटी वस्तुओं से सुसज्जित किया, जिससे पूरा वातावरण दीपोत्सव की उमंग से भर गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि छात्राओं ने अपनी सृजनशीलता और आत्मनिर्भरता का परिचय देते हुए सजावटी वस्तुओं, दीपों और पारंपरिक व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों ने छात्राओं की कला, कौशल और उद्यमशीलता की भावना को उजागर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर छात्राओं द्वारा की गई सजावट और सृजनात्मक प्रस्तुतियों का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा कि छात्राओं को शिक्षा के साथ संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव बनाए रखना चाहिए, यही वास्तविक प्रगति का मार्ग है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनीता गौतम ने विधायक दीपेश साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में रचनात्मकता, सहयोग और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। कार्यक्रम का समापन दीपमालिका प्रज्वलन और प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरण के साथ हुआ। समारोह में प्राध्यापकगण, छात्राएँ एवं अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



**रिकॉर्ड कीमतों के डर से लोगों ने रोकी बिकवाली, स्टॉक खाली**

# 1.70 लाख रु. किलो पहुंची चांदी, ज्वेलर्स और ग्राहक चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्योहारी सीजन और आगामी शादी-विवाह के दौर के बावजूद शहर के आभूषण बाजार में इन दिनों चांदी की कमी का संकट गहराता जा रहा है। दुकानों पर ग्राहक तो पहुंच रहे हैं, लेकिन स्थानीय लोग अपनी पुरानी चांदी बेचने को तैयार नहीं हैं। व्यापारियों का कहना है कि अगले कुछ दिनों में चांदी के दाम रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच सकते हैं। अक्षय तृतीया, रक्षाबंधन और धनतेरस-दिवाली का त्योहार नजदीक होने के कारण ग्राहकों की मांग और व्यापारी के सीमित स्टॉक दोनों का तनाव बढ़ गया है।

**बिकवाली में रुचि न लेने की मुख्य वजह**-चांदी की बिकवाली में गिरावट का मुख्य कारण बाजार में तेजी की अफवाहें हैं। वैश्विक और राष्ट्रीय सराफा बाजार में लगातार दाम बढ़ रहे हैं। नगर में चांदी का रेट 1 लाख 70 हजार रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच चुका है, और इसमें हाल ही में और तेजी आई है। एक ज्वेलर ने बताया, सबसे बड़ी समस्या यह है कि लोग अपनी पुरानी चांदी बेचने नहीं आ रहे। उन्हें लगता है कि अभी जो रेट चल रहा है, उससे कुछ ही दिनों में और ज्यादा मिलेगा। हर कोई चांदी रोक कर रख रहा है। इससे आपूर्ति श्रृंखला पर असर पड़ा है और हम मनचाही डिजाइन के गहने नहीं दे पा रहे। ग्राहक भी इस असमंजस में हैं। एक महिला ग्राहक ने कहा कि हम चांदी के पायल लेने आए हैं, लेकिन कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। समझ नहीं आ रहा कि अभी खरीदें या इंतजार करें।

**जिले के सराफा बाजार में चांदी की किल्लत**



**ज्वेलर्स के व्यापार पर सीधा असर-** चांदी की आपूर्ति में कमी का सबसे बड़ा असर ज्वेलर्स के व्यापार पर पड़ रहा है। कई छोटे दुकानदारों के पास स्टॉक लगभग खत्म हो चुका है। ग्राहकों की मांग पूरी करने के लिए उन्हें नया स्टॉक ऊँचे दाम पर खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनकी लागत बढ़ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो आगामी त्योहारी सीजन में ग्राहकों को चांदी के गहनों के लिए अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी, और ज्वेलर्स को भी व्यापार में सुनियोजित रणनीति अपनानी होगी। एक ज्वेलर ने व्यंग्य करते हुए कहा कि, लगता है इस बार चांदी भी त्योहारों की खुशियों में 'छुपन-छुपाई' खेल रही है। ग्राहक तो तैयार हैं, लेकिन स्टॉक कहीं नजर नहीं आ रहा। चांदी के दामों में तेजी और बिक्री में कमी ने सराफा बाजार की आपूर्ति और मांग की कड़ी को प्रभावित किया है, जिससे खरीददार और विक्रेता दोनों ही चिंतित हैं।

# न्यू गुरुकुल के बच्चों ने राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2025 का आयोजन गुरुवार को जिला मुख्यालय में किया गया। इस प्रतियोगिता में न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, नवागढ़ के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया।

विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न विभागों में चयन प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा 12वीं के मनमोहन निर्मलकर ने स्वास्थ्य और स्वच्छता, जबकि रुद्र मल्होत्रा ने मनोरंजक गणितीय मॉडल में अपनी उत्कृष्टता दिखाई। इसके साथ ही, कक्षा 9वीं के त्रिशात पनिक ने पश्चिम भारत विज्ञान मेला व्यक्तिगत प्रोजेक्ट में चयन प्राप्त किया।

विद्यालय परिवार इस उपलब्धि से अत्यंत हर्षित है। विद्यालय के संचालक गजपाल सिंह खुराना और प्राचार्या मनिंदर कौर खुराना ने सभी छात्रों को बधाई दी और आगे भी संभाग स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह उपलब्धि नवागढ़ के बच्चों की वैज्ञानिक सोच और नवाचार की क्षमता का प्रमाण है, जिसने स्कूल और जिले का मान बढ़ाया है।



## खबर संक्षेप



### प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

**दुर्ग।** लोक शिक्षण संचालनालय छग से प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुसार जिले के समस्त प्राचार्यों की बैठक आहूत की गई। बैठक में संचालक द्वारा दिए गए निर्देशानुसार शिक्षा गुणवत्ता, परख, अपार आईडी एवं यूडीआईएसई प्रविष्टि के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। जिले द्वारा शिक्षा गुणवत्ता के लिए तैयार की गई। कार्ययोजना को साझा करते हुए प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी प्राचार्यों ने कार्ययोजना अनुसार कार्य कर परीक्षा परिणाम को बेहतर करने का आश्वासन दिया। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि शिक्षा गुणवत्ता के परिप्रेक्ष्य में किसी भी प्राचार्य एवं शिक्षक की अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता सुधार एवं बेहतर परिणाम के लिए जिले से विभिन्न मॉनिटरिंग दलों का गठन कर नियमित प्रभावी मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

### आयुष विभाग ने शुरू की जागरुकता मुहिम

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना वर्ष पर आयुष विभाग द्वारा 17 अक्टूबर तक 8 दिवसीय विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला चिकित्सालय में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जिला स्तरीय योगाभ्यास किया गया। इसी क्रम में स्कूली बच्चों को औषधीय गार्डन भ्रमण कराया गया। 12 अक्टूबर को गुजराती भवन लुचकी पारा में जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर, 13 को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जिला स्तरीय योगाभ्यास, 14 को चयनित विजेताओं की राज्य स्तरीय योग नृत्य स्पर्धा का आयोजन, 15 को हर दिन हर घर आयुर्वेद विषय पर कालेज, विवि स्तर पर संगोष्ठी कार्यक्रम, 16 अक्टूबर को शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के माता पिता एवं रिश्तेदारों का सियान जतन कार्यक्रम के तहत प्रकृति परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### छठ पर्व के मद्देनज़र तालाबों की हो सफ़ाई : भोजराज

**भिलाई।** आगामी छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए नपानि भिलाई द्वारा शहर के सभी प्रमुख तालाबों की व्यापक सफ़ाई का कार्य प्रारंभ किया जाए। इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष भोजराज भोजू ने नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए घाटों की सफ़ाई, समतलीकरण तथा प्रकाश व्यवस्था के कार्यों को शीघ्र और प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जाए। भोजराज भोजू ने कहा कि छठ पर्व आस्था, अनुशासन और स्वच्छता का पर्व है।

## पेज 11 के शेष...

### धनेश व लेखा रजक...

घृतलहरे विकास खंड शिक्षा अधिकारी साजा निलेश चंद्रवंशी, डाईट व्याख्याता थलज कुमार साहू, संकुल प्रभारी राकेश कुमार मिश्रा, संकुल समन्वयक मनोज कुमार वर्मा, प्रभारी प्रधान पाठक तारकेश्वर निर्मलकर, शिक्षक चंद्रशेखर कश्यप, सहायक शिक्षक -थुकेल राम तारम, विजय लक्ष्मी रावत, संकुल समन्वयक मनी राम श्रीवास, प्रधान पाठक सुनीता जोशी, बसंत कौशिक, शिक्षक -संतोष कुमार ठाकुर, खुबी राम साहू,बेला ध्रुव, माहेश्वरी साहू व सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष अजय यादव सहित सभी पदाधिकारि सदस्यों ने सम्मान मिलने पर रजक दंपति को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

### द वॉरक्राई मार्शल...

सकते हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में हरिराम, आस्था वर्मा, वसुंधरा शुक्ला, भावी टंडन, आरुषि बंजारे, यशस्वी वर्मा, राजवीर वर्मा, सर्वेश पोल, रूद्र चौहान, श्रेया शर्मा, आयुषी साहू, दिव्यांसी पैकरा, जियांशी देवांगन, खोमेश वर्मा, अमय शर्मा, देवांश देवांगन, वरुणी सिंह, आनाया शर्मा, आयांश तिवारी, विवान सिंह, मोहम्मद आर्यन खान सहित कई खिलाड़ी शामिल रहे।

---

### शहर के लगभग सभी वार्डों में अब भी खटालों का अवैध रूप से संचालन

# शहर में बिना वैध अनुमति के चल रहे खटाल इधर गोकुल नगर में शिफ्ट करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में शिवपारा, मठपारा, मोहनगर, आर्य नगर, बोरसी, कादम्बरी नगर, सिकोलाबस्ती, दीपक नगर, कसारीडीह, पद्मनाभपुर जैसे कई इलाके में अवैध तरीके से खटाल चल रहे हैं। इन खटाल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर अब तक खानापूर्ति होते रही है। निगम प्रशासन ने इसके लिए कई बार शहर की जांच कराई। जांच कर रिपोर्टर तैयार की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

अब पुनः खटाल संचालकों को गोकुलनगर शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। विस्थापन के अंतर्गत उन्हें गोकुलनगर में भूखंड दिया जाएगा। इसे लेकर निगम ने निविदा निकाली है। करीब 36 भूखंडों का आवंटन किया जाना है। इसमें 2400,1800, 1500 और 1000 वर्गफुट के भूखंड शामिल हैं। बता दें कि 2014 में गोकुल नगर को बसाया गया। जहां आज भी मूलभूत सुविधाएं नहीं है, जिस वजह से खटाल संचालक जाने से कतराते रहे हैं। एक बार फिर निगम ने खटालों को विस्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है। बता दें कि वे लोग जिन्हें निगम ने गोकुल नगर में जगह आवंटित की गई है। वे वहां जगह लेने के बाद भी शहर के अंदर में खटाल चला रहे हैं। ऐसे लोगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके अलावा जो अवैध तरीके से बिना परमिशन के खटाल चला रहे है, उन्हें लेकर भी गंभीरता नहीं दिखाई गई है। इसकी वजह से शहर में हर समय संक्रामक बीमारी का खतरा बना रहता है। उठती बदबू से आसपास के रहवासी परेशान हैं। उनके द्वारा लगातार शिकायत भी की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं किया गया है।

### निगम ने 36 भूखंडों के आवंटन की निविदा निकाली



#### निगम ने नहीं दिया लाइसेंस फिर भी हो रहा संचालन

जानकारी के मुताबिक 40 से अधिक डेयरियां बिना लाइसेंस के चल रही हैं। निगम प्रशासन का कहना है कि किसी भी खटाल संचालकों को लाइसेंस नहीं दिया है। खटाल की वजह से किसी को परेशानी न हो इसकी व्यवस्था करें। नजूल या निगम की भूमि में बेजा कब्जा करने वाले खटाल संचालकों की संख्या ज्यादा है। स्कूल, हॉस्पिटल एवं घनी बस्ती के आसपास भी खटाल संचालित हो रहे हैं।बस्ती के भीतर खटाल चलाने वालों के खिलाफ कई बार शिकायत हो चुकी है। जनदर्शन में भी शिकायत हुई है। इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है। बड़ी संख्या में खटाल चल रहे हैं।

#### संचालकों को निगम के नोटिस का असर नहीं

बता दें कि निगम ने पिछले दिनों खटाल संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया था। इस दौरान नोटिस भी जारी किया गया, बावजूद इसके खटालों का संचालन हो रहा है। सार्वजनिक जगहों पर मवेशियों को बंधे आसानी से देखा जा रहा है। निगम चाह कर भी उन्हें अब तक नहीं हटा पाया है। उन्हें विस्थापित करने के लिए पुनः प्रयास शुरू किया गया है, लेकिन समस्या तस के तस बनी हुई है। शहर के लगभग सभी वार्डों में खटाल की समस्या है। स्थानीय पार्षदों द्वारा इसे लेकर शिकायत भी की जा रही है। बावजूद निगम प्रशासन ने अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया है।

#### खटालों से निकलने वाली गंदगी नालियों में फेंकी जा रही

बता दें कि शहर में संचालित अधिकांश खटालों से निकलने वाली गंदगी को नालियों में बहाया जा रहा है। ऐसी लापरवाही महापौर अल्का बाघमार ने स्वयं पकड़ी। उन्होंने जुर्माना लगाने के भी निर्देश दिए। बावजूद इसके यह समस्या बनी हुई है। पिछले दिनों निगम ने खटाल संचालकों की बैठक ली। उन्हें गोकुल नगर शिफ्ट किए जाने और भूखंड आवंटन को लेकर जानकारी दी। टेंडर प्रक्रिया की गई। आवेदन मंगाए गए। 10 अक्टूबर तक आवेदन जमा लिए गए हैं। इस दौरान 36 भूखंडों का आवंटन किया जाना है। लंबे समय से ये भूखंड खाली हैं। पहले भी इन भूखंडों की नीलामी प्रक्रिया की गई, लेकिन संचालकों ने रूचि नहीं दिखाई। एक बार फिर निगम ने इसे लेकर खटाल संचालकों को विस्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है।

---

# युवा कांग्रेस ने फूंका गृहमंत्री का पुतला पुलिस के साथ हुई झूमाझपटी



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कवर्धा में प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल टिकरिया द्वारा अपने समर्थकों से युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों के साथ की गई अभद्रता एवं मारपीट की घटना का दुर्ग युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध किया है। शहर अध्यक्ष आयुष शर्मा एवं दुर्ग ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयंत देशमुख के संयुक्त नेतृत्व में महाराजा चौक में प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था बावजूद इसके, युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण लेकिन प्रखर विरोध दर्ज कराया।

कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि यह घटना छत्तीसगढ़ के लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर एक सीधा हमला है। युवा कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने में लगी है। विपक्ष की आवाज़ को दबाने का प्रयास लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार है। युवा कांग्रेसियों ने कहा कवर्धा में शांतिपूर्ण विरोध कर रहे युवा कांग्रेसियों और पत्रकारों के साथ की गई मारपीट यह साबित करती है कि भाजपा सरकार लोकतंत्र नहीं बल्कि डर का माहौल बनाना चाहती है।



उन्होंने मांग की कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह से लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन न कर सके। इस अवसर पर अनूप वर्मा, गौरव उमरे, चिराग शर्मा, वरुण केवलतानी, पंकज सिंह, विकास साहू, रामा वर्मा, दीपांकर साहू, अमोल जैन, यश बाकलीवाल, विक्रांत वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

---

# चरोदा निगम के मंगल भवनों का होगा ठेका, अवैध कॉलोनियां होंगी नियमित

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में महापौर परिषद की बैठक हुई। जिसमें सभी अवैध कालोनियों को नियमित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में 17 बिनंदुओ पर चर्चा की गई। जिसमें निगम द्वारा निर्मित मुख्यमंत्री पालिका बाजार की दुकानों को नीलामी की प्रक्रियॉ कुछ दिनों पूर्व की गई। नीलामी में उच्चतम बोलो दाता द्वारा लगाई गई बोली राशि की स्वीकृति करने महापौर परिषद के समक्ष रखा गया। विश्व बैंक आवासीय कालोनी सेक्टर 3 के विगत दिनो नीलाम किये गये भूखंडो की दर (राशि) स्वीकृति भी बैठक में की गई। महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि वाल्मिकी आवास ,अम्बेडकर आवास,बजरंग पारा में स्थित आवास के आबंटन के लिए प्राप्त आवेदनों पर आरक्षण नियम



का पालन करते हुए कार्यवाही किये जाने की स्वीकृति भी एमआईसी द्वारा प्रदान की गई। भिलाई चरोदा निगम महापौर परिषद द्वारा बैठक में मंगल भवन मंगल भिलाई तीन, मंगल भवन चरोदा अम्बेडकर भवन भिलाई 3 समेत एक अन्य सामुदायिक मंगल भवन को ठेका पद्धति से संचालित किये जाने ओपन टेंडर होगा। बैठक में उक्त बिंदुओं के अलावा निगम क्षेत्र के विभिन्न आवासीय व्यवसायिक आवास सह व्यवसायिक भूखंडो जैसे विश्व बैंक कालोनी, बजरंग पारा भिलाई तीन, निहारिका परिसर ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज के रिक्त भूखंडो को वर्तमान गाईड लाइन दर अनुसार विक्रिय करने का निर्णय पारित किया गया है। बैठक में महापौर निर्मल कोसरे, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, मनोज कुमार, एम जानी, एस वेंकट रमना, दीप्ती वर्मा , देव कुमारी भलावी, संतोषी निषाद व निगम आयुक्त डीएस राजपूत, सचिव अश्वनी चन्द्राकर, रवि सिन्हा आदि मौजूद थे।

### सक्रियता और संवेदनशीलता ही विधिक सहायता की सफलता का आधार

**दुर्ग।** पैरालीगल वॉलेंटियर्स की बैठक जिला एवं सत्र न्यायालय के सभागार में आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा पैरालीगल वॉलेंटियर्स को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे नालसा आपदा पीड़ितों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से विधिक सेवाएं योजना 2010, नालसा तस्करी एवं वाणिजिक यौन शोषण के संबंध में विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए योजना 2015, नालसा मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 आदि के लिए प्रेरित किया।

---

### भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प पूर्ण करने में जनमानस की भूमिका अहम : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



- भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंग देव शनिवार को दुर्ग जिले के प्रवास पर थे। उन्होंने बी जे पी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से अग्रसर है। हाल के ऐतिहासिक जीएसटी क्रांति और उससे पहले आयकर की दरों में ऐतिहासिक छूट देकर, सभी तरह के कर कानूनों का सरलीकरण कर विकसित भारत की राह को प्रशस्त किया है। यह अभियान 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से प्रारम्भ हुआ है। 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी की जयंती तक यह चलेगा। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1941 करोड़ रूपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 23622 करोड़ रुपए हो गया है। आज हमारे देश ने विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट अप इको सिस्टम के रूप में स्थापित कर लिया है। 17 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। लोगों में जीएसटी 2.0 और स्वदेशी उत्पादों को लेकर विशेष उत्साह है। वर्तमान में भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है। छत्तीसगढ़ की जीएसडीपी भी पांच वर्ष में दुगना कर उसे 10 लाख करोड़ करने का लक्ष्य लेकर हम कार्या कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री नवीन मारकंडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व केबीनेट मंत्री रमशीला साहू, प्रदेश प्रवक्ता केएस चौहन, जिला संयोजक दिलीप साहू, विजय जायसवाल, राजा महोबिया उपस्थित रहे।

---

# दुर्ग-ब्रह्मपुर ट्रेन की मांग का मुद्दा सीएम साय के सामने उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग से ब्रह्मपुर तक नई ट्रेन चलाने की मांग को लेकर आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष के उमाशंकर राव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की।



मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर गौर करते हुए एक पत्र के माध्यम से केंद्र सरकार के सामने उनकी समस्याओं को रखने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में सलाहकार वी सूर्यनारायण, कार्यसमिति के सदस्य के आनंद राव, डी शंकरराव और के जानकी रामय्या शामिल थे। उमाशंकर राव ने कहा कि ब्रह्मपुर से उधना अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन स्वागत योग्य कदम है, लेकिन इससे दुर्ग-भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याएं खत्म नहीं होतीं। हफ्ते में एक दिन चलने तथा पावर हाउस में स्टॉपेज न होने से आंध्र-उत्कल वासियों को इस ट्रेन से विशेष लाभ होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि दुर्ग से ब्रह्मपुर एक दैनिक ट्रेन चले, ताकि यहां के निवासियों को सफर में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि यहां पिछले छह दशकों से बड़ी तादाद में बसने वालों की वाजिब मांग को रेल प्रशासन अनदेखा कर रहा है। जिसके कारण दुर्ग से ब्रह्मपुर की यात्रा कष्टदायक हो रही है।



# भाजपा की राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुए प्रदेश मंत्री वर्मा

**पाटन।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में 'सरदार@150 एकता मार्च' अभियान हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ से भेजे गए पांच सदस्यीय समिति में शामिल भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने हिस्सा लिया और कार्यशाला की विभिन्न विषयगत चर्चाओं में सहभागिता की। कार्यशाला में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा जी, केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने देश भर से पंहुचे भाजपा पदाधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान कर कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। 'एकता मार्च' के माध्यम से देशभर के युवाओं में एकता, अनुशासन, और देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं को सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान के तहत देशभर में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। छत्तीसगढ़ भी इस अभियान में बढ़ चढकर सहभागी बनेगा। भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से सरदार पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में भाजपा का संकल्प और अधिक दृढ़ होगा। सरदार पटेल ने सैकड़ों रियासतों में बिखरे हुए देश को एक सूत्र में पिरोकर वर्तमान स्वरूप प्रदान किया, ऐसे दृढ़ इच्छा शक्ति वाले सशक्त नेता की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करके जन-जन को संदेश देना और राष्ट्रीय एकता की भावना को जगाए रखना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में अभियान के प्रदेश संयोजक और प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय पूर्व विधायक, सदस्य जी वेंकटश्वर प्रदेश उपाध्यक्ष, ऋतु चौरसिया प्रदेश मंत्री और अम्बिकेश केसरी पूर्व जिला महामंत्री ने हिस्सा लिया।

---



### उतई प्रेस क्लब का गठन, सोनवानी अध्यक्ष बने

**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के नगर पंचायत उतई में प्रेस क्लब उतई का गठन किया गया है। जिसमे सर्वसम्मति से लेखराम सोनवानी को अध्यक्ष बनाया गया। महासचिव नवलकिशोर सिंह, उपाध्यक्ष डोमन साहू, सचिव मुकेश साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम गजपाल, सदस्य सुरेंद्र शर्मा, रोशन बम्भोले, राजेश बंजारे, देवेंद्र पटेल और किशोर साहू बनाए गए। पदाधिकारियों ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर से सौजन्य मुलाकात कर प्रेस क्लब की जानकारी दी। इस अवसर पर आभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष लेखराम सोनवानी ने कहा मुझे जो दायित्व दिया गया है, उस पर पूरी ईमानदारी से काम करूंगा तथा संगठन को मजबूत व आगे बढ़ाने का पूरा प्रयास करूंगा। इस अवसर पर दिवाकर गायकवाड़, रोमशंकर यादव, सरस्वती साहू, सोनू राजपूत, शिवनारायण देशमुख, पप्पू वर्मा, गौरव शर्मा, फत्ते वर्मा, प्रवीण यदु, नर्सिंग बंजारे, हरीश यादव, संगीता रजक, केशव बंटी हरमुख और राजेन्द्र साहू ने बधाई दी है।

### परिजनों को मिली 12 लाख की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पतोरा थाना उतई तहसील व जिला दुर्ग निवासी मानस साहू की विगत 8 मई को नहाते वक्त तालाब में डूब जाने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम सिल्ली तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी ओंकार लोधी की विगत 10 फरवरी 2024 की नहाते वक्त नदी में डूब जाने से मृत्यु हो गयी थी। ग्राम सिकोला तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी कमल बंजारे की विगत 20 जुलाई 2024 को नहाते वक्त बांध में डूब जाने से मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व मानस साहू के पिता अनूप कुमार साहू को, स्व ओंकार लोधी की पत्नी बेना बाई पटेल एवं स्व कमल बंजारे की पत्नी किसन बाई को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### कोल केमिकल विभाग में सुरक्षा पदयात्रा

**भिलाई।** बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में सुरक्षा पदयात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा सीजीएम तुलाराम बेहरा थे इस अवसर पर विभाग के नियमित कर्मचारी एवं ठेका कर्मियों ने भागीदारी की। वर्क्स बिल्डिंग-4 से हुई, जो कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के विभिन्न प्रमुख परिचालन क्षेत्रों से होकर गुज़री।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



बेमेतरा जिले में 140 करोड़ से अधिक
विकास कार्यों का
लोकार्पण एवं भूमिपूजन
प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
माननीय श्री विष्णुदेव साय जी
के द्वारा बेमेतरा विधानसभा को
300 करोड़ से अधिक की लागत से
अमोरा बैराज एवं
6 विद्युत सब स्टेशन की सौगात देने के लिए
बहुत-बहुत धन्यवाद
अमोरा बैराज विकास की नई धारा
शिवनाथ का जल, खेतों में बहेगा कल
अमोरा बैराज का लाभ :-
बेमेतरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मीठे पानी की आपूर्ति,
हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने की दिशा में बड़ा कदम
स्वच्छ जल से जनस्वास्थ्य और जीवन स्तर दोनों में सुधार
हजारों एकड़ भूमि को नियमित सिंचाई की सुविधा,
फसलों के लिए वर्षभर पर्याप्त जल उपलब्ध
भू-जल स्तर में सुधार से सूखे की स्थिति में राहत
कृषि उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि
प्रदेश एवं जिले के सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, मेरे सभी सहयोगियों एवं बेमेतरा जिले की देवतुल्य जनता जनार्दन का मैं हृदय से अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करता हूँ। आप सभी की उपस्थिति, आशीर्वाद और सहयोग से यह ऐतिहासिक आयोजन भव्य एवं सफल हुआ। इसके लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद
आभार
दीपेश साहू
विधायक-बेमेतरा

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने महिला को कुचला, मौके पर ही मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**भिलाई।** पुलगांव थाना अंतर्गत ग्राम चंदखुरी में माही ढाबे के पास एक ट्रक ने रिवर्स करते समय महिला को चपेट में ले लिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला ग्राम चंदखुरी निवासी चित्रा बाई (42 वर्ष) बताई गई है। घटना के बाद दुर्ग-बालोद सड़क मार्ग पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे। उन्होंने सड़क को जाम कर दिया। मुआवजे की मांग को लेकर करीब डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पीड़ित के परिजनों लिए तत्काल सहायता के रूप में 5 लाख रुपए की मांग की। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची। प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। मुआवजे के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

पुलिस ने बताया कि घटना रात करीब 8 बजे की है। ट्रक धर्मकांटा से तौल कराने के बाद मुड़ने के लिए रिवर्स ले रहा था। इधर महिला जो कि जिंदल राइस मिल में काम करती थी। कचरा फेंकने के लिए बाहर निकली थी। ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। महिला को जब तक ट्रक के नीचे से बाहर निकाला जाता। उसकी मौत हो गई थी। घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रक में कथित रूप से तोड़फोड़ शुरू कर दी। चालक मौका देख वहां से फरार हो गया। ट्रक में धान लोड था। घटना के बाद से मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### आरएसएस सेलूद मंडल का विजयदशमी उत्सव आज

**सेलूद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सेलूद मंडल की ओर से विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन 13 अक्टूबर को रखा गया है। संघ के 100 वर्षों के पूर्ण होने के अवसर पर यह आयोजन विशेष रूप से प्रेरणादायी रहेगा। जिसमें संघ के सेलूद खंड अंतर्गत मंडल स्तरीय आयोजन में सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश (दंड सहित) में शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4-45 बजे बाजार चौक सेलूद में एकत्रीकरण के साथ होगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में संजय शर्मा माननीय संघ चालक (पाटन खण्ड) मुख्य अतिथि आशीष कुमार (सार्जेन्ट) सेवा निवृत्त भारतीय वायु सेना होंगे । सेलुद के सभी स्वयंसेवकों से आग्रह किया है कि वे समय पर गणवेश सहित उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं। इस आयोजन में प्रमुख रुप से कालेश्वर शुक्ला , महेश्वर बंछोर, पुष्कर साहू, योगेश सोनवानी और जयंत साहू उपस्थित रहेंगे।

### पौधारोपण के बाद स्कूल में दिया न्यौता भोज

**उतई।** नगर पंचायत उतई के उपाध्यक्ष शिवनारायण देखमुख के जन्मदिन के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सुबह 11 बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर उतई में पूजा अर्चना के बाद पीएम श्री स्कूल आदर्श नगर में स्कूली बच्चों के साथ न्योता भोज करने के बाद रेस्ट हाउस उतई में पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर सरस्वती साहू, महामंत्री प्रवीण यदु, चंदू देवांगन, द्वारिका साहू, सुखित यादव, रूपेश परख, खोमलाल यादव, सोनू राजपूत, किशोर साहू, नीलम गढ़े, ऋषिराज यादव, नीलू ठाकुर, हरेंद्र ठाकुर, भीमसेन सिन्हा, अनिता गढ़े, विजय लक्ष्मी, लता सोनवानी, सुनीता वर्मा, दानेश्वरी देखमुख, शिव ठाकुर, हरीश यादव, घनश्याम चन्द्राकर, मुकेश साहू, राजेश बंजारे, नरेंद्र साहू, रंजना चन्द्राकर, ममता चन्द्राकर, फलेंद्र राजपूत, फत्तेलाल वर्मा, सुनीता वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### तीन साल पहले हुई बेटे की मौत का न्याय पाने पिता बैठा आमरण अनशन पर

**भिलाई।** दुर्ग जिले के भिलाई तीन में जैन मंदिर के बगल से एक बुजुर्ग तीन दिनों से आरमण अनशन पर बैठा है। अन्न का एक दाना और पानी की एक बूंद तक ग्रहण न करने के बाद भी बुजुर्ग इस आस पर जिंदा है कि तीन साल पहले हुई उसके बेटे की मौत को सरकार और पुलिस न्याय दिलाएगी।

## योगाचार्य नवीन ने छात्रों को दी सफलता और योग की प्रेरणा

# योग के माध्यम से दिया संतुलित जीवन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कठिया स्थित प्रेरणा विद्यालय में शुक्रवार को उच्च शिक्षण कक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गया (बिहार) निवासी योगाचार्य नवीन कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान योगाचार्य नवीन कुमार ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक एवं उच्च शिक्षा गया से प्राप्त की। प्रारंभ में उनका सपना चिकित्सक बनने का था, किंतु बाद में उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की तैयारी आरंभ की। इस दौरान वे इतिहास और राजनीति विषयों में गहरी रुचि रखने लगे और प्रतियोगिता दर्पण जैसी पत्रिकाओं का नियमित अध्ययन करते रहे।

यूपीएससी की तैयारी के साथ उन्होंने अंग्रेजी एवं संगणक (कंप्यूटर) प्रशिक्षण भी प्रारंभ किया, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिली। इसी दौरान योग अभ्यास से प्राप्त मानसिक शांति ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। उन्होंने यूपीएससी की राह छोड़ योग को अपना जीवन और करियर बना लिया।वर्ष 2005 से योगाचार्य के रूप में कार्यरत नवीन कुमार आज सैकड़ों लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ और संतुलित जीवन की दिशा दिखा रहे हैं। उनका कहना है कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो मन, शरीर और आत्मा को जोड़ती है।

**योगाचार्य नवीन कुमार बने प्रेरणा स्रोत**



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों और शिक्षकों ने योगाचार्य नवीन कुमार के अनुभवों से प्रेरणा ली।

बच्चों ने सीखा कि सफलता केवल नौकरी पाने से नहीं, बल्कि अपनी रुचि और आत्मविकास को समझने से मिलती है, वहीं शिक्षकों ने जाना कि योग एकाग्रता, अनुशासन और मानसिक शांति प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम है।

अंत में योगाचार्य नवीन कुमार ने नाड़ी शुद्धि प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने में अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन कम से कम 15 मिनट योग अभ्यास करने की प्रेरणा दी, ताकि स्वस्थ, शांत और प्रसन्न जीवन जिया जा सके।

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया पीएम धन-धान्य योजना व दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन पर 42,000 करोड़ की कृषि परियोजना के तहत पी.एम. धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। इसी अवसर पर कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया गया।

बेमेतरा के कृषि विज्ञान केन्द्र में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण और कृषक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विजेन्द्र राठी और वरिष्ठ कृषि अधिकारी वी.के. टंडन सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा कि यह दिन कृषि आत्मनिर्भरता के इतिहास में मील का पत्थर है। उन्होंने 10,000 से अधिक कृषक उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.) और 100 जिलों में योजना के क्रियान्वयन का विवरण साझा किया।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि यंत्रों पर जी.एस.टी. दरें कम की गई हैं, उर्वरकों की कीमत घटाई गई है और न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। उन्होंने किसानों से दलहनी फसलों के उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया।

तकनीकी सत्र में कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों को रबी फसलों की तैयारी, कम वर्षा में उन्नत खेती और सहायक व्यवसाय अपनाने के सुझाव दिए। कार्यक्रम का समापन कृषि विज्ञान केन्द्र की प्रदर्शन इकाइयों के भ्रमण के साथ हुआ, जिसमें 200 से अधिक कृषक और अधिकारी शामिल हुए।

## एआई और पाइथन प्रोग्रामिंग को समझा विद्यार्थियों ने



**कुम्हारी।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कुम्हारी में पाँच दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), और पाइथन प्रोग्रामिंग पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा रायपुर, छत्तीसगढ़ और नायलेट भुवनेश्वर के सहयोग से आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थीयो ने हिस्सा लिया 1 प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार विकसित करना था1 इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण में नायलेट भुवनेश्वर के मास्टर ट्रेनर सहदेव बाग में विद्यार्थीयो को एआई और एमएल की मूल बाते और मूल पदों की जानकारी दी। वहीं इनमें पाइथन का उपयोग करने, ऑन लाइन मार्केटिंग एप और अन्य सर्विस एप बनाने व उपयोग करने की जानकारी दी।

विद्यार्थियो ने इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में मशीन लर्निंग और एल्गोरिदम, मशीन लर्निंग प्रोग्रामिंग, स्किट, लूप और पाइथन प्रोग्रामिंगः, डेटा प्रोसेसिंग और विजुअलाइजेशन, पाइथन में डेटा हैंडलिंग की , हैंड्स-ऑन- प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट्स किये और (पन्द्रस एप्प-3) को मोबाईल सिस्टम पर डाउनलोड करके कुल पैतीस प्रोग्रामिंग को स्वयं करके देखा1 इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य लता रघुकुमार एवं प्रभारी विजया श्रीवास्तव, स्कूल समिति के अध्यक्ष दुबे, एटी एल प्रभारी आशीष श्रीवास्तव और अजय सिंह,

## स्कूली विद्यार्थियों को दी मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी, पूछे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरपोटी दुर्ग में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी आर. के. जाम्बुलकर के निर्देशानुसार एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर से साइको सोशल काउंसलर कविता डोरले ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य की समस्या होने के कारण, निराकरण एव बचाव के तरीके के बारे में विस्तार से बताते हुए इसका समाधान भारतीय जीवनशैली ,रहन सहन, खान पान ,व्यायाम , योग एवं ध्यान के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी।

- शाउमा विद्यालय उमरपोटी में हुआ आयोजन



उक्त कार्यक्रम में जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र हब आईसीपीएस, चाइल्ड लाइन व सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी बच्चों के साथ साझा की गई। बच्चों के मन में उठ रहे समस्याओं एवं सवालों का भी समाधान किया गया, बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में शाला प्राचार्य कीर्ति प्रधान, स्कूली विद्यार्थी विभागीय कर्मचारी गण विद्यालय के शिक्षकगण, कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) से विनिता गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, लोकमणि साहू सामाजिक कार्यकर्ता आईसीपीएस, कविता डोरले परामर्शदाता सखी वन स्टॉप सेंटर,जेंडर विशेषज्ञ लक्ष्मी कांत यादव, शिल्पी उपाध्याय वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ, श्रद्धा ध्रुव, अँजोरीराम केस वर्कर चाइल्ड लाइन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय के नवमी से बारहवीं तक के कुल 97 छात्र एवं छात्राएं वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## मनियारी स्कूल में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का आयोजन



**बेरला।** विकासखंड बेरला के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मनियारी में बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता के आकलन हेतु मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक अंकेक्षण के तहत प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के सहायक संकेतक, लर्निंग आउटकम के आधार पर बच्चों का मूल्यांकन किया गया।

इस अवसर पर प्राथमिक स्तर के 70 और माध्यमिक स्तर के 54 बच्चों का परीक्षण किया गया। आकलन टीम में पारस राजपूत (प्रधान पाठिका शाला परपोड़ा), गिरवर लाल साहू (प्रधान पाठक मोहभट्ठा), शिक्षक देवेंद्र सिंह राजपूत, भारत राम साहू, दुर्गा दास चेलक, नंदकुमार पटेल सहित अभिभावक और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

संकुल समन्वयक दुर्गा दास चेलक ने पालकों और शाला समिति के सदस्यों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि बच्चों की शैक्षणिक, बौद्धिक और नैतिक क्षमताओं का विकास शिक्षक, बालक और पालक के सामूहिक प्रयास से ही संभव है। सरपंच सोहन साहू ने विद्यालय के भौतिक परिवेश और शिक्षकों के कार्यों की सराहना की और बच्चों की बौद्धिक क्षमता का मूल्यांकन किया।

बच्चों का मूल्यांकन भाषा, गणित, अंग्रेजी और सामान्य बोध से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षक देवेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और विद्यालय को आकर्षक शैक्षणिक केंद्र बनाना है।

## आंखों की जांच में संक्रमित मिले 10 मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी एवं राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर डॉ संगीता भाटिया के मार्गदर्शन में विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री शासकीय हॉस्पिटल सुपेला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- विश्व दृष्टि दिवस पर सिविल हॉस्पिटल सुपेला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन





नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बी एन वाहने एवं सिविल अस्पताल सुपेला के प्रभारी डॉ पीयम सिंह के द्वारा 55 मरीजो की नेत्र जांच की गई। जिसमें 18 मरीज रिफ्रैक्टिव एरर के तीन मरीज़ मोतियाबिंद ऑपरेशन के तथा अन्य संक्रमण के 10 मरीज पाए गए जिन्हें आवश्यक जांच एवं उपचार प्रदान किया गया। मोतियाबिंद के लिए चिन्हांकित मरीज को ऑपरेशन के लिए भर्ती किया गया। इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ बी एन वाहने ने बताया कि आंखें भगवान की दी हुई अमूल्य धरोहर है इसलिए आंखों की देखभाल और सुरक्षा अतिमहत्वपूर्ण है ,आंखों को सदा स्वस्थ रखने के लिए हमें अपने खान-पान की चीजों में विटामिन ए युक्त एवं आयरन युक्त भोज्य पदार्थों को ग्रहण करना चाहिए तथा आंखों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए जिस क्षेत्र में हम काम कर रहे हैं उसे क्षेत्र के हिसाब से आंखों को सुरक्षित करने के उपकरण उपयोग करने चाहिए।

वर्तमान समय में विश्व में बहुत बड़ी संख्या अंधत्व का शिकार है और इसके लिए हमें अधिक से अधिक संख्या में नेत्रदान करने की भी आवश्यकता है। इसके साथ ही मोतियाबिंद प्रकरणों की शीघ्र पहचान कर उनका समय पर ऑपरेशन कराना आवश्यक है तथा ग्लूकोमा व अन्य नेत्र विकारों का समय-समय पर अपने नजदीकी शासकीय अस्पताल जाकर जांच अवश्य कराते रहना चाहिए। वर्तमान समय में बच्चों में मोबाइल, वीडियो गेम, लैपटॉप, टीवी का उपयोग अधिक करने के कारण नेत्र ज्योति क्षीण हो रही है अतः पलको को चाहिए कि बच्चों को आवश्यकता अनुसार टीवी लैपटॉप मोबाइल आदि का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर सिविल हॉस्पिटल सुपेला के नेत्र सहायक अधिकारी योगैया बंडी, ललिता बंजारे और कविता भगत आदि स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।



## गृहभेंट और जागरुकता के प्रयासों से गर्भवती का सुधरा स्वास्थ्य

**अंडा।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग द्वारा 2025 के दौरान सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में थीम आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शिशु और छोटे बच्चे के स्तनपान (आईवाईसीएफ) थीम के आधार पर प्रथम प्रसव से जन्मे बच्चे की माता एवं परिवार को सतत स्तनपान के उद्देश्यो के आधार पर गृहभेंट के माध्यम से स्तनपान के महत्व पर समझाईश दी जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम भानपुरी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में नियमित गृहभेट और पोषण खजानी के खाने के तरीके की लगातार व प्रभावी समझाइश से नई बहु पुष्पा ठाकुर पति केवल ठाकुर दंपति के यहां 2.700 किलो की बच्ची ने जन्म लिया है। नई बहू होने के कारण पहली गर्भावस्था के दौरान पोषण की बहुत कम जानकारी होने और जागरूकता नहीं होने से गर्भधारण करने के 3 से 5 माह तक लगातार उल्टी होने और खाने में कमी होने से गर्भवती का वजन बढ़ नहीं रहा था और परिवार वाले भी चिंतित थे। तभी कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत होने के कारण विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास-2 दुर्ग की पर्यवेक्षक सोनल सोनी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शशि देवांगन ने लगातार गृहभेट की।

## मानसिक जागरुकता पर हुआ व्याख्यान



**बोरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में समाजशास्त्र विभाग के तत्वाधान में सकारात्मक '' मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं जीवन कौशल कार्यक्रम '' के तहत व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रमम की मुख्य अतिथि, मनोविशेषज्ञ एवं परामर्शदात्री डॉ. आभा शशि थीं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी ने ''मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य'' की पूंजी बताते हुए लगातार सुधार करने की बात कही।

## पारखत अध्यक्ष व बेनीराम उपाध्यक्ष चुने गए



**जामगांव- आर।** परिक्षेत्रीय साहू संघ जामगांव- आर के त्रिवार्षिक चुनाव 2025 का मतदान साहू सदन जामगांव- आर में शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें पारखत साहू अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए एवं जैक्सउनके नेतृत्व में गठित पैनल ने बहुमत से विजय प्राप्त की।

उपाध्यक्ष पद पर बेनीराम साहू एवं भानुप्रिया साहू निर्वाचित हुए हैं, वहीं संगठन सचिव पद पर लोकेश साहू एवं त्रिवेणी साहू ने जीत दर्ज की। मतगणना समाप्त होने के बाद मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक गंगादीन साहू ने परिणाम घोषित किया। चुनाव परिणाम घोषणा के बाद समर्थकों में उल्लास का वातावरण बन गया। विजयी प्रत्याशियों को समाजिक पदाधिकारियों ने बधाई दी। भानुप्रिया साहू औरी के उपाध्याय निर्वाचित होने पर उनके पति वाई के साहू ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

नव-निर्वाचित अध्यक्ष पारखत साहू ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज में बहुत सारी चुनौतियां है। आपने सेवा करने का अवसर दिया है। जिसे सामाजिक नियमावली की पालन करते हुए समाज की एकता, प्रगति और सहयोग की भावना से संगठन को नई दिशा देने का कार्य करेंगे। इस दौरान तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू, महासचिव खेमलाल साहू, पुरन लाल साहू, लालेश्वर साहू, अश्वनी साहू, धनराज साहू, कमलेश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, किशोर साहू, मोहन साहू, गरीब दास साहू, किशन हिरवानी आदि मौजूद थे।

## कबाड़ से जुगाड़ कर बना दिया तेजस युद्धक विमान का मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत पाटन में एक बार फिर रचनात्मकता और नवाचार की मिसाल पेश की गई है नगर के युवा राधे यादव ने कबाड़ सामग्री से एक आकर्षक तेजस युद्ध विमान की प्रतिकृति तैयार की है, जिसे ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया गया है। यह मॉडल न केवल स्वच्छता के संदेश को सशक्त बना रहा है, बल्कि नगर पाटन को गर्व से सिर ऊँचा करने का अवसर भी दे रहा है। राधे यादव ने बताया कि लगन और मेहनत से जो व्यक्ति कभी



असफल नहीं होता है और मैं पूरा लगान और मेहनत से मैंनें अपना मिशन पूरा किया। इसे बनाने में 15 दिन लगा है। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने इस अनोखी पहल की सराहना करते हुए कहा कि राधे यादव की मेहनत और लगन ने पाटन का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। उनका यह नवाचार आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप ने भी इस कार्य की जमकर तारीफ की और बताया कि विगत कार्यकाल में भी राधे यादव ने कबाड़ से रेल इंजन का मॉडल तैयार किया था, जिसे काफी सराहना मिली थी। अब तेजस युद्ध विमान का मॉडल बनाकर उन्होंने एक बार फिर पाटन को गौरवान्वित किया है स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस तरह के प्रयास न केवल सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ा रहे हैं, बल्कि यह भी दिखा रहे हैं कि रचनात्मक सोच से कबाड़ को भी उपयोगी बनाया जा सकता है।

